HAMIRPUR POLICE

थाना मौदहा **दिनाँक-25.03.2024**

उपजिलाधिकारी मौदहा व क्षेत्राधिकारी मौदहा जनपद हमीरपुर द्वारा थाना मौदहा क्षेत्र अंतर्गत सीआरपीएफ व पुलिस बल के साथ किया गया एरिया डोमिनेशन।

आज दिनांक 25.03.2024 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में उपजिलाधिकारी मौदहा व क्षेत्राधिकारी मौदहा जनपद हमीरपुर द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष-2024 ,आगामी त्यौहार ईद तथा होली त्यौहार के अवसर पर त्यौहार को शान्ति व कानून व्यवस्था कायम रखते हुए सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत थाना मौदहा क्षेत्र अन्तर्गत सीआरपीएफ व पुलिस बल के साथ एरिया डोमिनेशन किया गया। आम जनमानस से वार्ता कर त्यौहारों को शांतिपूर्ण मनाने तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई तथा ड्यूटी पर लगे पुलिस बल को सतर्कता से ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । किसी भी अराजक तत्व के द्वारा चुनाव को प्रभावित किए जाने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी । इसी क्रम में आम जनता से संवाद कर ऑपरेशन त्रिनेत्र फेज-2 के अंतर्गत अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु प्रेरित किया गया तथा शासन द्वारा निर्गत निर्देशों से अवगत कराया गया ।

इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक थाना मौदहा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।